कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री मोहर पाल मीना पुत्र श्री किशन लाल मीना निवासी ग्राम पोस्ट हुडला (सेडपाड) तहसील महवा जिला दौसा (राजस्थान)

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार महवा) जिला दौसा

अपील सं0 01/2019

<u>निर्णय</u> दिनांक 30.01.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार महवा) जिला दौसा से दिनांक 04.09.2018 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार महवा) जिला दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार महवा) जिला दौसा का पत्रांक एलआर/19/6297 दिनांक 17.01.2019 इस कार्यालय को भिजवाया जाकर सूचना तैयार की जा रही है, जो समय अवधि में अपीलकर्ता श्री मोहरपाल पुत्र श्री किशनलाल मीना को आगामी तारीख पेशी से पूर्व दे दी जायेगी, साथ ही तारीख पेशी बढाने का अनुरोध भी किया गया। किंतु तत्पश्चात उनकी ओर से आज तक कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई कि उनके द्वारा अपीलांट को सूचना दे दी गई या नहीं ? इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना/नकल लोक सूचना अधिकारी द्वारा उपलब्ध नहीं करवायी गयी है। सूचना का अधिकार अधिनियम– 2005 के तहत प्राप्त आवेदन पत्र की सूचना संबंधित व्यक्ति को 30 दिवस की समयावधि में उपलब्ध कराने का प्रावधान है। अतः अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। (तहसीलदार महवा) जिला दौसा को निर्देश दिये जाते है कि अपीलांट को वॉछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावें। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा